भा. वा. अ. शि.प.-उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान
**ICFRE-TROPICAL FOREST RESEARCH INSTITUTE**
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
Indian Council of Forestry Research & Education
डाकघर - आर०एफ०आर०सी०, मण्डला रोड, जबलपुर - 482 021
P.O. R.F.R.C., Mandla Road, Jabalpur – 482 021

निविदा विज्ञापन क्रमांक 344/भा.वा.अ.शि.प.-उ.व.अ.सं./जबलपुर दिनांक 7/6/2024

## जलाऊ लकड़ियों के निस्तारण हेतु नीलामी सूचना

संस्थान के जलाऊ लकडियां "जहॉ है जैसा है" स्थिति के आधार पर निस्तारण हेतु निर्धारित प्रपत्र में शील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र दिनांक 10/06/2024 से 25/06/2024 तक कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय समय तक सम्पत्ति अनुभाग, उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान से प्राप्त किये जा सकते हैं । जिसे दिनांक 26/06/2024 को दोपहर 3:00 बजे तक धरोहर राशि रु.5000 (बैंक ड्राफट/बैंकर्स चैक) सहित अनिवार्य रूप से जमा किया जाना होगा । प्राप्त निविदाऐं उसी दिन सायं 4:00 बजे निविदाकर्ताओं या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी । प्रस्तावित नीलामी के जलाऊ लकडियों का निरीक्षण संस्थान के प्रभागाध्यक्ष, सुविधायें एवं सेवायें प्रभाग / सम्पत्ति अनुभाग प्रभारी, द्वारा नियुक्त कर्मचारी से संपर्क कर दिनांक 10/06/2024 से 24/06/2024 तक कार्यालय समय दोपहर 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य किया जा सकता हैं ।विलम्ब से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जाएगा । निविदा संबंधी अन्य जानकारी संस्थान के https://tfri.icfre.gov.in पर भी उपलब्ध है ।

प्रभागाध्यक्ष
07/06/24
सुविधायें एवं सेवायें
भा.वा.अ.शि.प- उ.व.अ.सं.
जबलपुर

प्रभागाध्यक्ष
सुविधाऐं एवं सेवायें
उ.व.अ.सं., जबलपुर (म.प्र.)

# निविदा प्रपत्र

| | |
|---|---|
| 1 | नाम/फर्म का नामः ..................................................................... |
| 2 | पताः .....................................................................................<br>.............................................................................................<br>............................................................................................. |
| 3 | मोबाइल न.................................................. |
| 4 | धरोहर राशि का विवरणः जारी कर्ता बैंक का नाम - बैंक ड्राफट/बैंकर्स चैक का कृमांक एवं दिनांक – राशि रु. |
| 5 | निविदाकर्ता के बैंक विवरणः बैंक का नाम- शाखा का नाम- खाता संख्या- IFSC कोड |

6 प्रस्तावित निविदा हेतु कृय विवरणः-

| **क्रम संख्या** | **जलाऊ लकड़ी का विवरण<br>" जहाँ है जैसा है के आधार पर"** | **अनुमानित मात्रा** | **नीलामी in rupees<br>निविदा दर (प्रति घन मीटर में) को अंको और शब्दों दोनों में अंकित किया जाना है ।** |
|---|---|---|---|
| 1 | जलाऊ लकड़ी मख्यतः सूबबूल | 200 घन मीटर | (अंकों में) ........................<br>(शब्दों में)........................ |
| | जी.एस.टी. की दर का उल्लेख करें। जी.एस.टी. उक्त दरों पर अलग से है या शामिल हैं का स्पष्ट उल्लेख करें। | | |

उपरोक्त जानकारी सही है एवं आवश्यक दस्तावेज संलग्न् कर दियें हैं।

स्वयं / प्रतिनिधि के हस्ताक्षर मय मोहर

मेरे / मेरी फर्म द्वारा समस्त शर्तों का पठन कर लिया गया है तथा मैं /मेरी फर्म समस्त शर्तों का पालन करने हेतु पूर्णत : सहमत हूँ । मैंने प्रस्तावित निस्तारण लकड़ियों का निरीक्षण भी कर लिया हैं।

दिनांक :

स्वयं / प्रतिनिधि के हस्ताक्षर मय मोहर

**नियम एवं शर्तें :**

1. निविदा प्रपत्र दिनांक 10.06.2024 से दिनांक 25.06.2024 तक कार्यालीन दिवसों में कार्यालयी समय तक सम्पत्ति अनुभाग से प्राप्त किए जा सकते है जिसे दिनांक 26.06.2024 को दोपहर 3:00 बजे तक धरोहर राशि सहित अनिवार्य रूप से जमा किया जाना होगा। प्राप्त निविदाऐं उसी दिन सायं 4:00 बजे निविदाकर्ताओं या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गठित नीलामी समिति के समक्ष खोली जायेंगी ।

2. नीलामी में भाग लेने हेतु निविदाकर्ता के मालिक द्वारा पहचान के सत्यापन हेतु ड्राइविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट /मतदाता पहचान पत्र /आधार कार्ड एवं पेन कार्ड (इनमें से कोई दो दस्तावेज ) की दो प्रमाणित छायाप्रतियां एवं स्थायी निवास स्थान के पते के सत्यापन हेतु बिजली , पानी एवं टेलीफोन के बिल तथा आधार कार्ड ,बैंक पासबुक (इनमें से कोई दो दस्तावेज की प्रमाणित छायाप्रतियाँ निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

3. फर्म, कंपनी एवं संस्था की ओर से नीलामी में भाग लेने हेतु निविदाकर्ता को इनका पंजीयन प्रमाण-पत्र एवं जी.एस.टी. नम्बर की दो सत्यापित प्रतियां प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनविार्य हैं ।

4. धरोहर राशि रु. 5000/- निदेशक उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर के नाम पर बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक द्वारा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा प्रपत्र को निरस्त किया जाएगा । नगद धरोहर राशि स्वीकार नही की जायेगी ।

5. जी.एस.टी./ अन्य राजकीय कर/ टैक्स राशि (जैसा लागू हो) का भुगतान क्रय राशि के अतिरिक्त देय होगा सरकार द्वारा निर्धारित विक्री कर निविदाकर्ता से अतिरिक्त नियमानुसार देय होगा ।

6. निविदाकर्ता दरें प्रस्तावित करने से पूर्व स्वयं या अपने अधिकृत प्रतिनिधि को कार्य दिवस में संस्थान भेजकर जलाऊ लकड़ी का भलीभांती निरीक्षण कार्यालय समय 3:00 बजे से 5:00 बजे अपरान्ह के मध्य दिनांक 10.06.2024 से 25.06.2024 तक कर सकते हैं । निरीक्षण हेतु प्रभागाध्यक्ष सुविधाऐं एवं सेवायें प्रभाग /प्रभारी समपत्ति अनुभाग द्वारा नियुक्त कर्मचारी से संपर्क किया जा सकता है । मोहरबंद लिफाफा खुलने के बाद जलाऊ लकड़ी के संबंध में कोई आपत्ति मान्य नही होगी ।

7. निविदा जमा करवाने की अंतिम तिथि 26.06.2024 को दोपहर 3:00 बजे तक है । मोहरबंद लिफाफे रजिस्टर्ड पत्र द्वारा इस कार्यालय को भेजी जा सकती है या मोहरबंद लिफाफें में सम्पत्ति अनुभाग में रखे निविदा बॉक्स में डाली जा सकती हैं । डाक संबंधित देरी के लिये निदेशक उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नही होगी । रजिस्टर्ड पत्र/ लिफाफे के ऊपर '' **जलाऊ लकडी की नीलामी की निविदा**'' अवश्य लिखें मोहरबंद लिफाफे उसी दिन सायं 4.00 बजे खोले जाएंगे ।

8. निविदा खुलने के बाद नीलाम किये जाने वाले लकड़ी के संबंध में कोई आपत्ति मान्य नही होगी ।

9. प्रस्तुत की गई निविदा हस्ताक्षर युक्त एवं मोहर लगी होनी चाहिए ।

10. निविदा दाता फर्म को बैंक प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें एवं साथ ही बैंक डिटेल(बैंक विवरण, खाता संख्या, आई.एफ.एस.सी. कोड, ब्रांच नाम) की जानकारी अनिवार्य रूप से दी जानी है ।

11. विज्ञापन प्रकाशन में हुई त्रुटि (यदि कोई है) के लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नही रहेगा ।

12. जलाऊ लकड़ी " जहां है जैसा हैं" के आधार पर बंद लिफाफे में बोली की उच्चतम दर के आधार पर निस्तारण एवं हस्तांरित किया जाएगा।

13. जलाऊ लकड़ी जहॉ पर जैसी हालात में हैं उसी स्थान पर इकट्ठी कर उठानी होगी।

14. असफल निविदाताओं की धरोहर राशि चैक के माध्यम से ही वापस लौटाने की कार्यवाही की जायेंगी।

15. जिसका प्रस्ताव स्वीकार होगा उनकी जमा धरोहर राशि रूपयें 5000 (पांच हजार रूपये मात्र ) निर्धारित तिथि तक समस्त जलाऊ लकड़ी ले जाने के उपरांत चैक के माध्यम से वापस लौटाने की कार्यवाही की जायेगी। सफल निविदादाता द्वारा जलाऊ लकड़ी नही ले जाने पर धरोहर राशि की जब्त कर ली जायेगी।

16. पूर्ण विक्रयमूल का भुगतान (कर सहित) करने के उपरांत ही लकड़ी के परिवहन की अनुमति दी जायेगी।

17. सबसे अधिक दर भरने वाली फर्म को ही जलाऊ लकड़ी उठाने की अनुमति दी जाएगी परंतु विभागीय दर अथवा इससे अधिक दर भरने वाले को ही नीलामी में मान्य माना जाएगा।

18. जलाऊ लकड़ियों की कटाई, लदाई, ढुलाई एवं माप की व्यवस्था आपको स्वयं अपने स्तर पर ही करनी होगी तथा किसी भी अन्य प्रकार के व्यय का वहन स्वयं को ही करना होगा।

19. जिन जलाऊ लकडियों की दर दी गई है, उसके अलावा अन्य लकडियों को नही ले जाने दिया जायेगा।

20. जलाऊ लकड़ी उठाने का कार्य नियत अवधि में अधूरा छोड देने पर धरोहर राशि एवं लकडी की जमा राशि जब्त कर ली जावेगी।

21. प्रथम निविदादाता के असफल होने पर द्वितीय निविदादाता को कार्यादेश जारी किया जावेगा तथा प्रथम निविदादाता की धरोहर राशि जब्त कर ली ज़ावेगी।

22. निविदादाता फर्म को अपनी पहचान से संबंधित प्रमाणित दस्तावेज जिसमें उसका पूरा पता एवं मोबाईल नंबर स्पष्ट लिखा हो निविदाफार्म के साथ लगाना अनिवार्य होगा।

23. नीलामी स्वीकार/अस्वीकार करने और बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त करने या नीलामी निरस्त करने या आगे बढाने का अधिकार संस्थान के निदेशक के पास सुरक्षित हैं।

मैं/हमनें उक्त शर्तों का अध्ययन कर लिया है और मैं/हमकों उक्त सभी शर्ते स्वीकार है।

स्वयं / प्रतिनिधि के हस्ताक्षर मय मोहर

निदेशक
भा.वा.अ.शि.प- उ.ब.अ.सं.
जबलपुर